तुम्हारा क्या कहना गौरी के लाला
तुम्हारा क्या कहना गौरी के लाला

तुम्हारी आखें छोटी छोटी गजानन
तुम्हारा मस्तक है बड़ा विशाला
तुम्हारा क्या कहना गौरी के लाला

तुम्हारे हाथ छोटे–छोटे गजानन
तुम्हारे मुख सोहे सुंड सुंडाला
तुम्हारा क्या कहना गौरी के लाला

तुम्हारे पैर छोटे–छोटे गजानन
तुम्हे कहते हैं देवो के राजा
तुम्हारा क्या कहना गौरी के लाला

गजानन तेरे भ्राता हैं षडानन
पिता को कहता जग डमरू वाला
तुम्हारा क्या कहना गौरी के लाला

तुम्हारे संग सोहे रिद्धि सिद्धि
तुम्हारा वाहन चूहा है निराला
तुम्हारा क्या कहना गौरी के लाला